अन्तर्राष्ट्रीय
योग दिवस के उपलक्ष में
राजयोग का महत्व
21st June 2015

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारम्भ है आज
देश और विदेश सभी की एक यही आवाज
(१)
सम्पूर्ण स्वास्थ्य की कूंजी जिसका राजयोग है नाम
रोगों से छुटकारा मिलता तन मन को आराम
(२)
मिट जाती है मन बुद्धि की उलझन और थकान
राजयोग से कर्म इन्द्रियां वश होती आसान
(३)
राजयोग से फिर होगी भारत की ऊंची शान
अध्यात्म गुरू भारत बनेगा विश्व में ऊंच महान
(४)
राजयोग से मन में पैदा होते श्रेष्ठ विचार
बदली होते जन्म-जन्म के पुराने संस्कार

(५)

राजयोग परमात्म मिलन का एक मात्र आधार
पतित पावन परमपिता का होता साक्षात्कार

(६)

राजयोग से सम्भव होगा विश्व एक परिवार
प्रकृति सुखदाई होगी मौसम सदाबहार

(७)

ब्रह्ममुहूर्त में जो करते हैं राजयोग अभ्यास
कई जन्मों के हो जाते हैं उनके विकर्म विनाश

(८)

कला सिखाता जीने की राजयोग विज्ञान
कलह-क्लेश, ईर्ष्या-द्वेष का मिटता नाम-निशान

(९)

रोज-रोज जो करते हैं राजयोग का ध्यान
चंचल दृष्टि, वृत्ति का होता सहज निदान

(१०)

राजयोग हठयोग नहीं ना ही प्राणायाम
सहज राजयोग से होता प्रभू मिलन आसान

(११)

भारत के प्राचीन योग का राजयोग है नाम
राजयोग से खुद पर शासन कर सकते आसान

(१२)

सुख–शान्ति–स्मृद्धि का एक मात्र आधार
राजयोग से बदली होता आपस का व्यवहार

(१३)

मिलती है परमात्म शक्तियां राजयोग के द्वारा
असम्भव सम्भव हो जाता बढ़ता भाईचारा

(१४)

आत्मा सच्चा सोना बनती और निकलती खाद
राजयोग से हो जाती इक्कीस जन्म आबाद

(१५)

वृत्ति वातावरण बदलता राजयोग विज्ञान
जड़ चैतन दोनों बदलते प्रकृति और इंसान

(१६)

राजयोग कर बन सकते हैं चरित्रवान गुणवान
मूल्यों से सम्पन्न फरिश्ता देवी–देव समान

(१७)
राजयोग से जीवन बनती हीरे तुल्य समान
पवित्र और योगी बनने का मिलता मंत्र महान
(१८)
राजयोग से आयू बढ़ती होती नहीं थकान
परिस्थिति के पेपर में भी चेहरे पर मुसकान
(१९)
राजयोग से खुलते मुक्ति–जीवनमुक्ति के द्वार
भारत स्वर्णिम चिड़िया बनता विश्व एक परिवार
(२०)
रोज सवेरे करते हैं जो राजयोग का ध्यान
मन चंचल घोड़े को काबू कर सकते आसान
(२१)
राजयोग से रुहानियत बढ़ता रुहानी प्यार
जात–पांत और भेदभाव की टूटेगी दीवार

पवित्र बनो राजयोगी बनो

Brahma Kumaris Mt. Abu
bksntoligs@gmail.com